# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**राजभवन, पटना–800022**

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
**prrajbhavanbihar@gmail.com**
मोबाईल–9431283596

## प्रेस–विज्ञप्ति

## महामहिम राज्यपाल ने केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद की माता श्रीमती बिमला प्रसाद के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

**पटना, 25** दिसम्बर 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने केन्द्रीय कानून व न्याय, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद की माता श्रीमती बिमला प्रसाद के निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्गार में कहा है कि स्व॰ बिमला प्रसाद एक धर्मपरायण, सदाशयी, भारतीय संस्कृति के प्रति पूर्ण आस्थावान तथा नारियों एवं समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के प्रति अत्यन्त सजग एवं संवेदनशील महिला थीं। उनके निधन से सामाजिक जगत् को काफी क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगता स्व॰ बिमला प्रसाद की आत्मा को चिरशांति तथा शोकसंतप्त सभी पारिवारिक सदस्यों को धैर्य–धारण की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

.....................................................